हम सब मिलके आये दाता तेरे दरबार

हम सब मिलकर आये दाता तेरे दरबार,
भरदे झोली सबकी, तेरे पूर्ण भंडार,

लेकर दिल मे फरियाद,करते हम तुमको याद,
जब हो मुश्किल की घड़िया,माँगे तुम से इमदाद,
सबसे बढ़के ऊँचा जग मे तेरा दरबार,
भर दे झोली सबकी, तेरे पूर्ण भंडार,

चाहे दिन हो विपरीत, होवे तुमसे ही प्रीत,
सची श्रद्धा से गावे, तेरी भक्ति के गीत,
होवे सबका प्रभुजी तेरे चरणो मे प्यार,
भर दे झोली सबकी, तेरे पूर्ण भंडार,

होवे जब संध्याकाल, होके निर्मल तत्काल,
अपना मस्तक झुकाके, करके तेरा ख़याल,
तेरे दर पे आकर बैठे सारा परिवार
भर दे झोली सबकी, तेरे पूर्ण भंडार

हम सब मिलके आये दाता तेरे दरबार
भर दे झोली सबकी, तेरे पूर्ण भंडार

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3392/title/hum-sab-milke-aaye-data-tere-darbar-bhar-de-jholi-sabki-tere-puran-bhandar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |